समाचार

# सबका साथ – सबका विकास के मूलमंत्र के साथ कार्य कर रही है राज्य सरकार – उद्योग मंत्री

## (उद्योग मंत्री  श्री लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 20 पथर्रीपारा में किया 25 लाख रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन )

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, पार्षद व बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक श्री नरेन्द्र देवांगन सहित निगम के एम.आई.सी.सदस्य, पार्षदगण व अन्य जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति)




कोरबा 08 दिसम्बर 2025 –प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ–सबका विकास – सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ छत्तीसगढ़ सरकार लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में विगत दो वर्ष के कार्यकाल में राज्य सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए एक जनहितैषी व जनकल्याणकारी सरकार की छबि बनाई है, उन्होने कहा कि जहॉ तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो विगत दो वर्ष के दौरान नगर निगम कोरबा क्षेत्र के विकास के लिए 800 करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो को स्वीकृत दी जा चुकी है तथा बिना किसी भेदभाव के सभी 67 वार्डो में जनता की मांग व आवश्यकता के अनुरूप तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज निगम के वार्ड क्र. 20 पथर्रीपारा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 20 पथर्रीपारा बजरंग बली मंदिर से गीतादेवी के घर तक एवं नीलगिरी बस्ती में 15 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण तथा वार्ड क्र. 20 कोसाबाड़ी जोनांतर्गत महर्षि वाल्मीकि आश्रम में 10 लाख रूपये की लागत से टायलेट एवं बाथरूम का निर्माण कराया जाना हैं, पथर्रीपारा स्थित महिला दुर्गा पण्डाल परिसर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त दोनों विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा की

गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी, वरिष्ठ पार्षद व भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक श्री नरेन्द्र देवांगन सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण व पार्षदगण उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं देश में चलाई है, जिनका सीधा लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है, वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन की दिशा तय करते हुए विगत दो वर्षो के दौरान पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया है तथा आमजनता के हित में दर्जनों योजनाएं संचालित की है। उन्होने आगे कहा कि प्रदेश में 15 वर्ष तक डॉ.रमन सिंह मुख्यमंत्री के पद पर रहे हैं, उन्होने अपने कार्यकाल में अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई थी, जिन्हे बीच में बंद कर दिया गया था, अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के द्वारा पुनः इन जनहितैषी योजनाओं का संचालन कराया जा रहा है, जिससे प्रदेश के लाखों नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं। उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि कोरबा जिले की सभी सड़कों के जीर्णोद्धार, नवनिर्माण के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है, कार्यो की आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही इस दिशा में कार्य होगा।

**सभी वायदें पूरा कर रहे उद्योग मंत्री**– इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा क्षेत्र की जनता से विकास से संबंधित जो भी वायदें किए गए थे, वे सभी वायदें आज पूरे हो रहे हैं, नगर निगम कोरबा क्षेत्र में अरबों रूपये के विकास कार्य स्वीकृत कराए गए हैं, जिन पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होने कहा कि कोरबा की जनता ने जिस आशा व विश्वास के साथ हम सभी को सेवा का अवसर दिया है, उनके उस विश्वास को हमेशा कायम रखा जाएगा, इसी के मद्देनजर जनताजनार्दन की समस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, तेजी से समस्याएं दूर हो रही है तथा बिना किसी भेदभाव के विकास व निर्माण कार्य लगातार किए जा रहे हैं।

**कोरबा माडल शहर का स्वरूप धारण करेगा** – इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के दिशा निर्देशन में निगम क्षेत्र में विकास कार्यो को लगातार गति दी जा रही है, जनसमस्याएं दूर की जा रही हैं, निश्चित रूप से आगे आने वाले समय में शीघ्र ही कोरबा एक माडल शहर का स्वरूप धारण करेगा। उन्होने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत को आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने की दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ की सरकार अपने कार्यो से एक जनहितैषी सरकार की छबि बनाई है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर व वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन के साथ ही वार्ड पार्षद चन्द्रलोक सिंह, एम.आई.सी.सदस्य अजय सिंह गोंड़, ममता यादव, पार्षद पंकज देवांगन, प्रताप सिंह कंवर, राकेश वर्मा, मण्डल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, प्रफुल्ल तिवारी, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, शिव चंदेल, प्रीति चौहान, राजमोहनी देवी, सुरेन्द्र राजवाड़े, श्रीधर द्विवेदी, नारायण दास महंत, मिलाप बरेठ, अर्जुन गुप्ता, प्रकाश अग्रवाल, ललेन्द्र दुबे, आरिफ खान, मनोज राजपूत, हारबाई, मंदाकिनी देवी, वनवासी कल्याण समिति आश्रम के दीपक सिंह, निगम के उपायुक्त नीरज कौशिक, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, अश्वनी दास, सुनील वर्मा आदि के साथ काफी संख्या में वार्ड के नागरिकगण उपस्थित थे।